# *सार्क कृषि केन्द्र(एस ए सी)*

बी ए आर सी कॉम्प्लेक्स, न्यू एयरपोर्ट रोड

फार्म गेट, ढाका - 1215, बांग्लादेश

# रिक्ति की घोषणा (2018)

## <u>सार्क कृषि केन्द्र के अधीन व्यवसायिक</u> पद

| | | |
|---|---|---|
| अ. | पद | : वरिष्ठ कार्यक्रम विशेषज्ञ (बागवानी) |
| | आयु | : 55(पचपन) वर्ष से अधिक नहीं |
| | कार्य-स्थल | : ढाका, बांग्लादेश |
| | आखिरी तारीख | : 15, अप्रैल 2018 |
| | कार्यग्रहण की तारीख | : आमन्त्रण पत्र जारी होने की तारीख से साठ(60) दिनों के भीतर |
| | अवधि | : 3 वर्ष |

**<u>योग्यता एवं अनुभव :</u>**

10 वर्षो के अनुभव सहित बागवानी में पीएचडी या 15 वर्षो के अनुभव के साथ मास्टर डिग्री

**<u>व्यवसायिक योग्यता :</u>**

व्यक्ति को बागवानी विकास, कार्यान्वयन और प्रबंधकीय पहलुओं, क्षेत्रीय एडैप्टिव ट्रायल के समन्वय और अनुप्रवर्तन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का मूल्यांकन करने, बीज पद्धति, मूल्य श्रंखला विकास, बागवानी उत्पादों के विपणन और गुणवत्ता मानको के क्षेत्र में विशेषज्ञ होना चाहिए |

**<u>पद का संक्षिप्त विवरण:</u>**

निदेशक के मार्गदर्शन के रूप में प्रभाग के उत्तरदायित्व को सम्पादित करते हुए विशेष रूप से बागवानी के क्षेत्र में तथा अन्य संबंधित क्षेत्रो में निर्धारित की गई प्राथमिकताओं के तारतम्य में कार्यक्रम/ परियोजना/ गतिविधियों की शुरुआत करना |

सार्क देशो में प्रबंध एवं जोखिम मुद्दों के साथ बागवानी के क्षेत्र में देश की/ क्षेत्रीय जरुरतो पर आधारित कार्यक्रमों की प्राथमिकता तय करना |

नेटवर्किंग के जरिए देश के कार्यक्रमों के प्रभावी नियोजन एवं कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में संपर्क बरकरार रखना |

अंतिम  प्रयोगकर्ताओ जैसे किसानों, उधमियों एवं नीति नियोजकों हेतु आवश्यक संबंधित डाटा एकत्र करना, उसका विश्लेषण करना, उसे सूचना में तब्दील करना, दस्तावेजित और विस्तारीकरण करना |

प्रभागीय गतिविधियों / कार्यो का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, उनका अनुप्रवर्तन, मूल्यांकन और समयबद्ध रूप से उचित फॉर्म में उनकी रिपोर्टिंग करना, आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट्स, वार्षिक रिपोर्ट्स, नीति विषय आदि प्रस्तुत करना |

केन्द्र की गतिविधियों / कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन हेतु केन्द्र के अन्य प्रभागों को आवश्यक सहायता एवं सहयोग प्रदान करना |

निदेशक का सहयोग करना और अन्य प्रभागों को आवश्यक सहायता प्रदान करना |

केन्द्र के कार्यक्रमों से संबंधित अन्य कोई उत्तरदायित्व |

ब) पद : वरिष्ठ कार्यक्रम विशेषज्ञ (पशुधन)
आयु : 55(पचपन) वर्ष से अधिक नहीं
कार्य-स्थल : ढाका, बांग्लादेश
आखिरी तारीख : 15, अप्रैल 2018
कार्यग्रहण की तारीख : आमन्त्रण पत्र जारी होने की तारीख से साठ(60) दिनों के भीतर
अवधि : 3 वर्ष

<u>**योग्यता एवं अनुभव:**</u>

पशु फार्मिंग / पशु चिकित्सा विषयों में पी एच डी, 10 वर्षो के अनुभव सहित संबंधित क्षेत्रो में विशेषज्ञता या उपरोक्त विषयों में उत्तम शैक्षिक अभिलेख सहित मास्टर डिग्री

<u>**व्यवसायिक योग्यता:**</u>

पशु उत्पादन एवं प्रबंधन, मूल्य संवर्द्धन, कार्यान्वयन अनुप्रवर्तन और कार्यक्रम/ परियोजनाओ के प्रभाव का विश्लेषण करने और रिपोर्ट तैयार करने तथा उसे प्रस्तुत करने के क्षेत्र में कार्यक्रम/परियोजना विकास में व्यक्ति को निपुणता हासिल होनी चाहिए |

क्षेत्रीय एवं विश्वव्यापी सन्दर्भ, एसपीएस, जीएमपी (उत्तम प्रबंधक प्रथा) मामलों, समस्या विश्लेषण एवं तकनीकी पैकेजिंग के बारे में सुस्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है |

अंतर्राष्ट्रीय लिंकेजेस की पहल करना और निधियां प्राप्त करना एवं सहयोगात्मक परियोजनाएं लागू करना जैसे कार्य विशेष क्षमताओं के अन्तर्गत आते हैं |

<u>**पद का संक्षिप्त विवरण:**</u>

प्रभागीय दल के एक वरिष्ठ सदस्य के रूप में प्रभाग के उत्तरदायित्व निर्वहन हेतु विशेषकर पशुधन फार्मिंग के क्षेत्र में और मुख्यतया अन्य संबंधित क्षेत्रों में कार्यक्रम/गतिविधियों की पहल करने और कार्य निष्पादन कर सकने की उसमें योग्यता होनी चाहिए | ये कार्य यहीं तक सीमित नहीं हैं क्षेत्रीय जरूरतों (देश की भी) के विश्लेषण और उनका प्राथमिकताकरण करना, पशु उत्पादन और संबंधित मुद्दों, जीएमपी (उत्तम प्रबंध प्रथाएं) एसपीएस एवं पर्यावरणात्मक पहलुओं,व्यापार, आरएण्डडी. संसाधनों के संरक्षण, खाध एवं पोषण सुरक्षा तथा मूल्य संवर्द्धन आदि क्षेत्रों में सहयोगात्मक कार्यक्रमों को विकसित करना |

क्षेत्रीय प्राथमिकता के मामलों को लागू कर सकने योग्य कार्यक्रमों में बदल सकने की क्षमता |

जब भी और जैसे ही आवश्यक हो, कार्यक्रम रूपरेखा, कार्य योजना, स्टेट्स रिपोर्ट, अनुप्रवर्तन एवं मूल्यांकन रिपोर्ट, प्रगति रिपोर्ट, वर्किंग कागजात, वार्षिक रिपोर्ट और अन्य रिपोर्ट्स तैयार करना |

समयबद्ध आधार पर आवश्यक प्रतिवेदनों, नीति विषय आदि के प्रकाशन में सहयोग देना |

केन्द्र की गतिविधियों/कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु केन्द्र के अन्य प्रभागों को आवश्यक सहायता एवं सहयोग प्रदान करना |

निदेशक का सहयोग करना और अन्य प्रभागों को आवश्यक सहायता प्रदान करना | केन्द्र के कार्यो से संबंधित अन्य कोई उत्तरदायित्व |

स) पद : वरिष्ठ कार्यक्रम विशेषज्ञ (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन)

आयु : 55(पचपन) वर्ष से अधिक नहीं

कार्य-स्थल : ढाका, बांग्लादेश

आखिरी तारीख : 15, अप्रैल 2018

कार्यग्रहण की तारीख : आमन्त्रण पत्र जारी होने की तारीख से साठ(60) दिनों के भीतर

अवधि : 3 वर्ष

**योग्यता एवं अनुभव:**

10 वर्षों के अनुभव के साथ कृषि विज्ञान (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन/मृदा विज्ञान/मृदा एवं जल प्रबंधन/कृषि अभियांत्रिकी) में पीएचडी या 15 वर्षों के अनुभव सहित मास्टर डिग्री

**व्यवसायिक योग्यता:**

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम विकास, कार्यान्वयन एवं प्रबंधन पहलुओं, क्षेत्रीय मृदा एवं जल प्रबंधन के समन्वय एवं अनुप्रवर्तन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के विश्लेषण और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित नीति के क्षेत्र में व्यक्ति को विशेषज्ञ होना चाहिए |

**पद का संक्षिप्त विवरण:**

निदेशक के मार्गदर्शन में प्रभाग के उत्तरदायित्व को संपादित करते हुए विशेष रूप से प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्धारित की गई प्राथमिकताओं के प्रत्य्म में कार्यक्रम/परियोजना/गतिविधियों की शुरुआत करना |

सार्क देशों में प्रबंध एवं जोखिम मुद्दों के साथ प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में देशीय/क्षेत्रीय जरूरतों पर आधारित कार्यक्रमों की प्राथमिकता तय करना |

नेटवर्किंग के जरिए देश के कार्यक्रम के प्रभावी नियोजन एवं कार्यान्वयन हेतु राष्ट्रीय, क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों में संपर्क बरकरार रखना |

अंतिम प्रयोगकर्ताओं जैसे किसानों, उद्यमियों एवं नीति नियोजकों हेतु आवश्यक संबंधित डाटा एकत्र करना, उसका विश्लेषण करना, उसे सूचना में तब्दील करना, दस्तावेजित और विस्तारीकरण करना

प्रभागीय गतिविधियों/कार्यो का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, उनका अनुप्रवर्तन, मूल्यांकन और सम्बद्ध रूप से उचित फार्म में उनकी रिपोर्टिंग करना, आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट्स, वार्षिक रिपोर्ट्स, नीति विषय आदि प्रस्तुत करना |

केन्द्र की गतिविधियों/कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु केन्द्र के अन्य प्रभागों को आवश्यक सहायता एवं सहयोग प्रदान करना |

सभी मामलों में निदेशक का सहयोग करना और बताएनुसार कार्य सम्पन्न करना | समय-समय पर दिए गए संबंधित कार्यों को संपादित करना |

केन्द्र के कार्यक्रमों से संबंधित अन्य कोई उत्तरदायित्व |

**भत्ते, सुविधाएं एवं लाभ:**

प्रेषक, सरकार वेतन को बरकरार रखेगी और उनके व्यक्तिगत सामानों सहित उनके परिवार की स्थानांतरण यात्राओं का खर्चा वहन करेगी | इसके अलावा, उन्हें एसएआईसी से निम्न भत्ते प्राप्त होंगे:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **लिविंग भत्ता** | अमेरिकी डॉलर 1225 (अमेरिकी डॉलर एक हजार दो सौ पच्चीस) मात्र प्रति माह (50% अमेरिकी डॉलर एवं 50% टका) |
| 2. | **मकान किराए भत्ते के स्थान पर दैनिक भत्ता** | प्रथम आगमन पर आवासीय मकान नहीं मिलने की दशा में मकान किराए भत्ते के स्थान पर प्रति डायम 150.00 अमेरिकी डॉलर की दर से (एक सौ पचास डॉलर) प्रतिदिन अधिकतम 21 दिनों तक होटल आवास हेतु देय होगा \| उनके साथ आने वाली पत्नी और 21 वर्ष से कम आयु के अधिकतम दो आश्रित बच्चों को दैनिक भत्ते का 50% मिलेगा \| सार्क देशों की राजधानियों में लागू दैनिक भत्ते की जानकारी परिशिष्ट-ए में दी गई है \| इस समयावधि के भीतर समुचित आवास ढूँढने और उसके पट्टा विलेख को अंतिम रूप देने की कोशिश क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा की जाएगी \| यदि इस समयावधि के भीतर समुचित आवास उपलब्ध नहीं हो पाता है तो पेशेवर स्टाफ को होटल आवास की वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति की जा सकती है जो उसके लिए किराए की अधिकतम सीमा की पात्रता के अध्यधीन होगी \|<br>(बंगलादेश के पेशेवर व्यक्तियों के लिए लागू नहीं) |
| 3. | **रहने के लिए आवास** | क्षेत्रीय केन्द्र के पेशेवर स्टाफ वर्तमान में 637.00 अमेरिकी डॉलर (छः सौ सैंतीस अमेरिकी डॉलर) मात्र प्रतिमाह स्थानीय टका की मुद्रा के समकक्ष किराए की अधिकतम सीमा के भीतर असुसज्जित आवास हेतु पात्र हैं \| |
| 4. | **फर्नीचर अनुदान** | पेशेवर स्टाफ हेतु 2000 अमेरिकी डॉलर (दो हजार अमेरिकी डॉलर) मात्र की फर्निशिंग/सैटलमेंट अनुदान प्राप्ति की एक बार की पात्रता होगी \| |
| 5. | **बच्चों को शैक्षिक भत्ता** | वास्तविक रसीद प्रस्तुत किए जाने पर स्कूल ट्यूशन फीस की 90% प्रतिपूर्ति हेतु पेशेवर स्टाफ पात्र होगा, जिसमें दाखिला, पंजीकरण और अन्य अनिवार्य शुल्क शामिल होंगे और जो ग्रेड XII/ए-लेवल तक के 5 से 21 वर्ष तक के अधिकतम दो बच्चों के लिए 1,500.00 अमेरिकी डॉलर प्रति बच्चा की अधिकतम वार्षिक सीमा के अधीन होगी \| |
| 6. | **चिकित्सीय भत्ता** | 1,500.00 अमेरिकी डॉलर की अधिकतम वार्षिक सीमा के भीतर स्वयं के, पत्नी और आश्रित बच्चों के चिकित्सीय इलाज हेतु वास्तविक खर्चों की प्रतिपूर्ति के लिए पेशेवर स्टाफ पात्र होगा जिसमें अस्प्तालीकरण खर्चों की 80% प्रतिपूर्ति शामिल है \| डॉक्टर के नुस्खे के बिना खरीदी गई दवाईयों के लिए और ऑप्टिकल फ्रेम/ग्लासेस/लैंसेस, दाँतों संबंधी ईलाज जैसे डेंचर्स, स्केलिंग और सुंदरीकरण के उद्देश्य से कराई गई शल्य चिकित्साओं, स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य संबंधी खाद पदार्थों पर किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी \| |
| 7. | **गृह अवकाश भत्ता** | पेशेवर स्टाफ 18 माह की निरंतर सेवा पूर्ण करने के बाद अपनी कार्यावधि में एक बार स्वयं के लिए, पत्नी और दो आश्रित बच्चों हेतु इकानॉमी क्लास से गृह अवकाश यात्रा के लिए पात्र होगा \| स्टाप-ओवर और हवाई अड्डे से/हवाई अड्डे तक जाने के संबंधी किसी प्रकार के या किसी दैनिक भत्ते की पात्रता नहीं होगी \| |
| 8. | **अन्य** | सार्क सामंजस्यपूर्ण नियमों के अनुसार अन्य सभी पात्रताओं का वहन किया जाएगा \| |

**सामान्य आवश्यकताएं:**

1. क्षेत्रीय एवं सार्वभौमिक सन्दर्भ पर सुस्पष्ट जानकारी होना आवश्यक है |
2. एक मिली-जुली संस्कृति और एक दल के भीतर कार्य करने की योग्यता होनी चाहिए |
3. लिखित और संप्रेषणीय अंग्रेजी में दक्षता और सुस्थापित प्रष्ठभूमि होनी चाहिए |
4. कम्प्यूटर के प्रयोग की क्षमता होना आवश्यक है तथा उसे स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकने एवं परिणामोन्मुख गुणवत्तापूर्ण आउटपुट दे सकने में सक्षम होना चाहिए |
5. सभी गतिविधियों में निदेशक की सहायता करना और प्रदत्त कार्यों को पूर्ण करना |
6. केन्द्र के कार्यक्रमों से संबंधित अन्य कोई उत्तरदायित्व |

**सामान्य सूचना:**

ऐसे व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी जिन्हें संबंधित क्षेत्र में तथा राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पद्धति (एनएआरएस)/एक्सटेंशन सेवा/दानदाता एजेंसियों में कार्य करने का अनुभव होगा |

शैक्षिक अभिलेख के सभी चरणों में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी/डिवीज़न उनके द्वारा अनिवार्य रूप से प्राप्त की गई हो |

अत्यधिक योग्य उम्मीदवारों के मामले में आयु एवं योग्यता में शिथिलता प्रदान की जा सकती है |

निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र (जो सार्क सदस्य देशों के विदेश मंत्रालय के सार्क प्रभाग में एवं एसएसी की वेबसाइट: www.sac.org.bd पर उपलब्ध हैं |) जो उम्मीदवार द्वारा विधिवत रूप से भरा गया हो और सक्षम प्राधिकारियों द्वारा संस्तुत किया गया हो, अधिकतम 15 अप्रैल 2018 तक संबंधित सदस्य देश के विदेश मंत्रालय के जरिए निदेशक, सार्क कृषि केन्द्र (एसएसी), फार्म गेट, ढाका-1215, बांग्लादेश के पास पहुँच जाने चाहिए |